आनंदालय

सामयिक परीक्षा - 3

कक्षा : आठवीं

विद्या सवर्धि साधिका

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 30

दिनांक: 08-01-2024 | समय: 1घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश:

1. यह प्रश्न पत्र दो खंडों में विभाजित है: 'अ' और 'ब'
2. खंड 'अ' में कुल तीन बहुविकल्पीय प्रश्न (उप प्रश्नों सहित) हैं और खंड 'ब' में दो वर्णनात्मक प्रश्न (उप प्रश्नों सहित) हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रमसंख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

खंड- 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

मन कभी खाली नहीं रहना चाहता। सही विचार न हों, तो व्यर्थ विचार चुपके से आकर व्यक्ति को बेचैन कर देते हैं। ये हमें अतीत की ओर ले जाते हैं और हमें पुरानी बातें याद करवाकर हममें यह पछतावा पैदा करते हैं कि काश! हमने वह नहीं किया होता। ये हमें भविष्य की ओर ले जाते हैं, जहाँ तरह-तरह की कल्पनाएँ, नाकामियों की आशंकाएँ, अनहोनी का डर बना रहता है। इन विचारों में नकारात्मकता होती है। ये हमें डराते हैं, हमारे अंदर अपराध-बोध, चिंता जैसे भाव पैदा करते हैं। खाली दिमाग को घेरकर ये हम पर राज करते हैं। इनमें सच्चाई नहीं होती, पर इनमें खोकर हम अपनों और अपने मित्रों से दूर होते जाते हैं। ऐसे विचारों से खुद को कैसे बचाया जाए? हमारा मन अगर इन्हीं में डूबा रहेगा, तो हम हर समय संघर्ष व गुस्से से भरे रहेंगे और बिना समझे अन्य से कड़वा बोलेंगे। एक ही उपाय है कि मन को खाली न छोड़कर सही सोच से भरे रहें। जीवन में अच्छी-बुरी बातें होती रहती हैं। बुरी बातों के बारे में सोचकर मन को उद्विग्न करने की जगह जो कुछ अच्छा हुआ है, उसके बारे में सोचें और मन को खुश रखें। किसी की गलत बात याद आए, तो फ़ौरन उसकी किसी अच्छी बात को याद करने की कोशिश करें। जब यह विचार परेशान करे कि काश! मैंने अपने प्रियजन के साथ यह न किया होता, तो फौरन वह बात याद करें, जो आप जानते हैं कि उन्हें खुशी देने वाली रही होगी। हर बार हमें अपने किए हुए काम या कही हुई बात को बदलने का मौका नहीं मिलता।

एक गलत बात की जगह दस ठीक बातें कही गई, इसे याद करने से हमारे मन में शांति आएगी और फिर व्यर्थ के नकारात्मक विचारों को जगह नहीं मिलेगी। बार-बार के अभ्यास से उनको विदा होना ही पड़ेगा और हमारा मन शांत हो जाएगा।

(i) व्यर्थ विचार हमें किसकी ओर ले जाकर पछतावा पैदा करते हैं?

(क) असत्य (ख) वर्तमान (ग) अतीत (घ) अनंत

(ii) कौन-से विचार हमारे अंदर डर और चिंता जैसे भाव उत्पन्न करते हैं?

(क) भावनात्मक (ख) विचारात्मक (ग) सकारात्मक (घ) नकारात्मक

(iii) लेखक ने मन को किस चीज़ से भरने की बात की है?

(क) विभिन्न विचारों से (ख) सकारात्मक सोच से

(ग) भक्ति-भाव से (घ) शांतिपूर्ण भाव से

(iv) हमें क्या सोचकर मन को खुश रखना चाहिए?

(क) बीती बातें (ख) दूसरों की बातें (ग) अच्छी बातें (घ) बचपन की बातें

(v) 'उद्विग्न' शब्द का तात्पर्य है -

(क) कठोर (ख) क्लेश (ग) व्याकुल (घ) विश्वास

2. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए – (7X1=7)

(i) अनेकार्थी शब्द 'अधर' का इनमें से एक अर्थ नहीं है-

(क) अंतरिक्ष (ख) निचला ओंठ (ग) चंचल (घ) सूर्य

(ii) 'चिर-चीर' श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के सही अर्थ वाले शब्दयुग्म का चयन कीजिए|

(क) वस्त्र - प्राचीन (ख) प्राचीन - वस्त्र (ग) प्राचीन - देर (घ) पुराना - बुढ़ापा

(iii) 'उसे भी थोड़ा लिखने दो।' - वाक्य में क्रियाविशेषण का भेद है-

(क) रीतिवाचक (ख) कालवाचक

(ग) स्थानवाचक (घ) परिमाणवाचक

(iv) 'प्रकृति की सुंदरता चारों ओर फैली है|' - वाक्य में क्रियाविशेषण का भेद है-

(क) रीतिवाचक (ख) कालवाचक

(ग) स्थानवाचक (घ) परिमाणवाचक

(v) 'के लिए' किस कारक का चिह्न है?

(क) कर्म (ख) संबंध (ग) सम्प्रदान (घ) अपादान

(vi) 'मैं आपकी शरण में आया हूँ।' इस वाक्य में 'में' किस कारक की विभक्ति है?

(क) करण (ख) अपादान (ग) कर्त्ता (घ) अधिकरण

(vii) 'खाक छानना' मुहावरे का सही अर्थ है-

(क) बहाने बनाना (ख) इज्जत करना

(ग) खुश होना (घ) दर-दर भटकना

3. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए – (4X1=4)

(i) बचपन में गुरु माँ द्वारा दिए चने किसे न देकर सुदामा खुद खा गए थे?

(क) कृष्ण को (ख) अन्य मित्र को

(ग) बलराम को (घ) उपर्युक्त सभी

(ii) कविता 'यह सबसे कठिन समय नहीं' में विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से कवयित्री निम्नलिखित में से क्या कहना चाहती है?

(क) जीवन से सब कुछ समाप्त हो चुका है (ख) जीवन की आशा अब भी शेष है

(ग) इससे बुरा समय हो ही नहीं सकता (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) घायल होने के बाद भी बाज ने यह क्यों कहा ''मुझे कोई शिकायत नहीं है।''

(क) वह दुखी था (ख) वह सबसे नाराज था

(ग) वह शिकायत करने में असमर्थ था (घ) बाज अपने जीवन से संतुष्ट था

(iv) बूँद के हथेली पर पड़ते ही लेखक को किस तरह की ध्वनि सुनाई पड़ी ?

(क) सितार के तारों-सी (ख) गिटार के तारों-सी

(ग) वीणा के तारों-सी (घ) वायलिन के तारों-सी

खंड- 'ब'

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए - (3x3=9)

(i) यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

(ii) श्रीकृष्ण ने विपत्ति के समय विपन्न सुदामा की मदद की, वह भी अप्रत्यक्ष रूप से। ऐसा करके कृष्ण हमारे लिए क्या संदेश छोड़ जाते हैं?

(iii) बूँद के मन में पेड़ों के प्रति कौन-सा भाव था और क्यों ? स्पष्ट कीजिए |

(iv) बाज के मरने के बाद साँप ने ऐसा क्या सुना कि वह आश्चर्य से भर उठा ?

5. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में संवाद लिखिए - (5x1=5)

(क) गाँव से कुछ दूरी पर रेलगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। पीड़ितों की सहायता के लिए दो मित्र वहाँ पर जाना चाहते है। दोनों के मध्य हुई बातचीत को संवाद शैली में लिखिए |

अथवा

(ख) अध्यापक और छात्र के मध्य गृह कार्य को लेकर हुई बातचीत को संवाद शैली में लिखिए |